सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5454	14.08.2019	16.08.2019	**Balrampur Uttar Pradesh**	Dainik Jagran Hindi Newspaper 14th August, 2019/Page No. 05
Title:	**Viral Fever rises in district Balrampur, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Balrampur, SSU-Uttar Pradesh			

जिले में संक्रामक बीमारी तेजी से बढ़ रही है। ओपीडी में प्रतिदिन बुखार, सर्दी व खांसी के 100 से अधिक मरीज आ रहे हैं। तीन दिन से अस्पताल में बुखार से पीड़ित 12 मरीज भर्ती हो चुके हैं। जिनका इलाज किया जा रहा है। पैथोलॉजी में प्रतिदिन मलेरिया, टॉइफाइड, दिमागी बुखार (जेई) व प्लेटलेट्स काउंट जांच कराने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। जिसे चिकित्सक मौसम हो रहे बदलाव व प्रदूषित पानी पीना बता रहे हैं।

तुलसीपुर ब्लॉक के जद्दापुर गांव निवासी राकेश बुखार से पीड़ित है। जिला मेमोरियल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पिता जोखू ने बताया कि कुछ दिन ठीक रहने के बाद बेटा फिर बीमार हो जाता है। संक्रामक बुखार से पीड़ित पप्पू, राधेश्याम, सूरज व राजकिशोर भर्ती हैं। संयुक्त जिला चिकित्सालय में सलोनी, राधिका, दीप नरायन व सलीम समेत 12 लोग भर्ती हैं। सिसई गांव से आए देवी प्रसाद 11 बजे से एक बजे तक भटकते रहे, लेकिन उन्हें चिकित्सक नहीं मिल सके। जिससे उन्हें निजी चिकित्सक के यहां जाना पड़ा।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

वायरल बुखार की शुरूआत में बुखार, थकान, बदन दर्द, सिर दर्द, जुकाम व खांसी प्रमुख लक्षण है। यह बीमारी सात से 14 दिन में ठीक होती है। शरीर में ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। समय पर इलाज न होने पर बुखार दिमाग पर चढ़ जाता है। इसके अलावा मरीज को झटके आने लगते हैं।

डॉ. अजय पांडेय ने बताया कि ओपीडी में आधे से अधिक मरीज वायरल बुखार व सर्दी के ही आ रहे हैं। इसका कारण मौसम में हो रहा बदलाव है। बीमारी से बचने के लिए कूलर का प्रयोग न करें। अचानक ठंडी से गर्मी व गर्मी से ठंडक के प्रभाव में आने से बचे। उबाल कर पानी पीएं व मच्छर दानी का प्रयोग करें। कहाकि ऐसे मौसम में शहद, अदरक, लौंग, लहसुन व मौसमी फल का प्रयोग करना लाभप्रद है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control, Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India

22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1